*<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>राज्यपाल से विश्वविद्यालय के कुलपति की शिष्टाचार भेंट</u>
## <u>सात प्राथमिक क्षेत्रों में अनुसंधान सुदृढ़ करने का सुझाव</u>

पंतनगर। 15 दिसम्बर 2025। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के कुलपति प्रोफेसर (डा.) मनमोहन सिंह चौहान ने उत्तराखंड के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, शोध एवं प्रशासनिक प्रगति से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। माननीय राज्यपाल महोदय ने विश्वविद्यालय द्वारा अब तक किए जा रहे गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक कार्यों एवं अनुसंधान गतिविधियों की सराहना की तथा इसे राज्य और राष्ट्र के लिए अत्यन्त उपयोगी बताया। भेंट के दौरान माननीय राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को सात प्रमुख प्राथमिक क्षेत्रों–उन्नत गुणवत्ता बीज उत्पादन, शहद उत्पादन, मोटे अनाज (मिलेट्स), सेमीकंडक्टर, बागवानी फसलें जैसे ड्रैगन फ्रूट एवं कीवी, ड्रोन तकनीक तथा सुगंधित (एरोमा) फसलों–में अनुसंधान एवं नवाचार को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन सभी क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण को विशेष रूप से केंद्र में रखने पर बल दिया।

कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने माननीय राज्यपाल को आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय उनके मार्गदर्शन में इन प्राथमिक क्षेत्रों में ठोस कार्ययोजना बनाकर अनुसंधान, नवाचार और विस्तार गतिविधियों को नई दिशा देगा।

